नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

सावित्रीबाई फुले छात्रावास में छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

वर्धा दि. 18 अगस्त 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर छात्रावास में रहने वाली छात्राओं ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में छात्राओं द्वारा चलाए गये इस सफाई अभियान में छात्राओं के साथ-साथ छात्रावास में कार्यरत महिला कर्मियों ने भी बढ़-चढकर हिस्सा लिया।

उन्होंने छात्रावास के भीतर के कमरों, भोजनालय कक्ष, रसोईघर, बगीचा आदि की सफाई की तथा छात्रावास के बाहरी परिसर के घास, प्लास्टिक एवं कुड़े-कचरें को

हटाकर परिसर स्वच्छ और सुंदर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी की देखरेख में छात्रावास अधीक्षक अवंतिका शुक्ला, स्वयंसेवक गोदावरी ठाकुर, मनीषा यादव, पल्लवी मोरे, प्रियंका सिंह, सुनिता कुमारी, सलाम अमित्रा, मेघा, ऋतुरानी, ज्योति सिंह, रिचा सिंह, विद्या चंदनखेडे आदि छात्राएं तथा अश्विन कुमार श्रीवास, रोशन कुमार रंजन, मनीष मिश्र सहित छात्रावास के कर्मी विद्या शेलके, भारती मोगरे, मनोरमा थोटे, रूकसाना, शांता, विजया जाचक, सुरक्षा कर्मी शमिम शेख आदि इस अभियान में शामिल हुए।